तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 25 जुलाई 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



14 टीएलएम के उपयोग से विषय वस्तु सरल व रुचिकर ....





12 चेंबर की बैठक, संविधान संशोधन ...





श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc.(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 9926129192
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा, इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि - 27/07/24


**बारिश : जिले में तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित**

# सावन की झड़ी से नदी-नाले उफान पर पुल-पुलिया डूबे, आवागमन बाधित

**शिवनाथ नदी पर स्थित नारायणपुर-भाठापारा मार्ग का पुल डूबा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश से अंचल के नदी-नाले उफान पर आ गए हैं। बारिश की झड़ी के कारण जनजीवन प्रभावित हो गया है। सोमवार से शुरू हुई बारिश से नवागढ़ विकासखण्ड एवं नांदघाट तहसील अंतर्गत सीमावर्ती इलाकों के शिवनाथ नदी ने अपना रौद्र रूप धारण कर लिया है। इस क्षेत्र में शिवनाथ नदी पर स्थित नारायणपुर-भाठापारा मार्ग का पुल भी नदी की जलस्तर बढ़ने से डूब गया है।

जिससे एरिया के सम्बलपुर, अमलडीहा सहित दर्जनों गांवों का निकटवर्ती बलौदाबाजार ज़िला क्षेत्र से संपर्क टूट गया है। दरअसल नदी पर बना यह पुल स्टेट हाइवे हर साल बरसात के मौसम में पूरी तरह डूब जाता है, जिसमें कई फीट ऊपर पानी के गुजरने मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो जाता है। चूंकि शिवनाथ के ऊपरी सिरों पर लगातार बारिश के कारण नदी का लेवल काफी बढ़ गया है जो आसपास के गाँव के लिए काफी खतरनाक है। तटवर्ती इलाकों में बाढ़ के कारण विशाल जलभराव क्षेत्र में देखने को मिल रहा है, जो नदी बहाव से लगे क्षेत्र के खेत-खलिहानों में स्पष्ट नज़र आने लगा है। इलाके में काफी खेत शिवनाथ प्रवाह क्षेत्र के दायरे में आने पर जलमग्न दिखाई पड़ रहे है, जहाँ पर किसानों को फसल नुकसान उठाने की





आशंका जताई जा रही है। इसी तरह बेरला व साजा ब्लॉक में लगातार बारिश के कारण खेतों में पानी की भरमार हो गयी है एवं फसल डूबने से खेत जलमग्न दिखाई दे रहा है। वहीं, तालाब व नदी-नाले में विशाल जलभराव के कारण काफी जलस्तर बढ़ गया है। विगत हफ्तेभर से वर्षा के कारण खेतों में पानी की अधिकता नज़र आने लगी है, जो किसानों के लिए चिंताजनक है। हालांकि खेत-खलिहान का जल बड़ी ही तेजी से नाले के सहारे नदियों में जा समा रहा है। किंतु बरसात के मौसम होने से लगातार बारिश होते रहने से पुनः वही स्थिति देखने को मिल रही है।

### एनिकट से जुड़े कई गांवों का आपसी संपर्क टूटा

एनिकट से जुड़े गावों का आपसी संपर्क भी इन दिनों टूट चुका है। क्षेत्र का आवागमन बाधित हो गया है। इसके कारण साजा के देवकर-बासीन, मोहगांव-बासीन, अतरझोला-सिंघनपुरी, देऊरगाव-बोरतरा, परपोड़ी सहित अन्य क्षेत्रों में इसी तरह का हाल है। वहीं, बेरला ब्लॉक में बचेड़ी-कुम्हिगुड़ा, सलधा-ताकम, अमोरा-बावनलाख, एवं खारून नदी पर रायपुर ज़िला से स्थानीय सम्पर्क कट जाने से आम लोगों को दूसरे वैकल्पिक मार्गो के सहारे आवागमन करना पड़ रहा है, जो फिलहाल आगामी बारिश पर निर्भर होने की पूरी सम्भावना है।

### खेत भी हुए लबालब

दरअसल साजा क्षेत्र में जहाँ शिवनाथ की सहायक सुरही नदी का प्रभाव है, तो वहीं, बेरला क्षेत्र शिवनाथ एवं खारुन नदी के प्रभावित में रहता है, जिसके कारण बरसात के सीजन में तीनों नदियों में जलस्तर बढ़ने का असर छोटे छोटे सहायक नालों पर दिखाई पड़ता है, जो खेतों के माध्यम से जुड़े होते हैं। फिलहाल इन दिनों शिवनाथ नदी में जबरदस्त बाढ़ की स्थिति की दिखाई पड़ रही है। इस नदी पर बने दर्जनों एनीकट व स्टापडैम पूर्णतः डूब चुके हैं, वहीं ऐसा ही हाल सुरही एवं खारुन नदी को लेकर भी है। नदी के प्रति लहर का असर वापस खेत से जुड़े नालो में होने के कारण बेरला एवं साजा अंचल के खेत-खलिहान अब वर्षा जल से परिपूर्ण हो गए हैं। खेत के चारों ओर फसल के बजाए पानी ही पानी दिखाई दे रहा है, हालांकि यह पानी धीरे-धीरे कम हो रहा है।

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने चलाया हाथकरघा, बुना कपड़ा

**बेमेतरा।** बारिश की बूंदों के बीच, कलेक्टर रणबीर शर्मा ज़िले के देवरबीजा पहुंचे। यहाँ उनका आगमन श्रीराम बुनकर सहकारी केंद्र में हुआ, जहाँ बुनकर द्वारा हाथकरघा से बुना जा रहा कपड़े की प्रक्रिया को समझने का उन्हें अवसर मिला। बुनकर सुको देवांगन ने कलेक्टर को बुनाई की पूरी प्रक्रिया विस्तार से बताई। उन्होंने ताने-बाने के बारे में भी बताया । उन्होंने बताया कि कैसे धागों को एक साथ मिलाकर कपड़ा बनाया जाता है, और यह कार्य कितनी निपुणता एवं धैर्य से किया जाता है। कलेक्टर शर्मा ने भी इस प्रक्रिया को बड़े ध्यानपूर्वक समझा और सुको की मासिक आमदनी, पारिवारिक स्थिति एवं परिजनों के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर की उत्सुकता इस कदर बढ़ गई कि उन्होंने सुको से से स्वयं कपड़ा बुनने में मदद मांगी। सुश्री सुको ने उन्हें हाथ और पैरों से हाथकरघा चलने वाली विधि बताई। कलेक्टर ने कुछ क्षणों के लिए हाथकरघा को चलाया और कपड़ा बुना। यह अनुभव न केवल कलेक्टर श्री शर्मा के लिए नया था बल्कि उनके द्वारा किया गया यह प्रयास बुनकर समुदाय के प्रति उनकी संवेदनशीलता को दर्शाता है। रणबीर शर्मा का यह कदम बुनकर समुदाय के प्रति उनकी सहानुभूति और उनके परिश्रम को सम्मान देने का प्रतीक बना। बेमेतरा ज़िले में इस प्रकार के उत्साहवर्धन कार्य न केवल प्रशासनिक कार्यों को मानवता के करीब लाता है बल्कि लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का मार्ग भी प्रशस्त करता है।

### नौकरी लगाने के नाम पर महिला ने किया ठगी

**भिलाई।** न्यायालय रायपुर में सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाली महिला के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। महिलाओं की शिकायत पर पुलिस ने धारा 420 के तहत कार्रवाई किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि लेबर कालोनी, सेक्टर-11, जोन-3 खुर्सीपार निवासी जी. दुर्गा राव ने शिकायत किया है कि पी. विजय लक्ष्मी नामक मोहल्ले की महिला ने वर्ष 2022 में बच्चों को रायपुर न्यायालय में सरकारी नौकरी लगाने का झांसा दिया। महिला के बातों में आकर अपने बेटे पी. वेंकट, प्रवीण कुमार की सरकारी नौकरी के लिए 2.50 लाख रुपए, चंद्रावती बिसाई से बेटे के लिए 2.50 लाख, प्रेमा देवी 1.20 लाख रुपए नौकरी लगाने के लिए महिला विजय लक्ष्मी को दिया गया।

## नए पते के आधार पर बनवाना होगा आधार व राशन कार्ड

**परिसीमन में वार्ड बदला तो करनी होगी मशक्कत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर पूरे प्रदेश में परिसीमन का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में बेमेतरा जिले के नगर पालिका,नगर पंचायतों में भी वार्ड परिसीमन का कार्य किया गया है ।परिसीमन में वार्ड बदला तो 15 से भी अधिक दस्तावेजों में सुधार करवाने के लिए जनता को ऑफिस के चक्कर लगाने पड़ेंगे।

- 15 से अधिक दस्तावेजों में कराना पड़ेगा सुधार

बता दें कि वार्ड परिसीमन से जब मतदाताओं के वार्ड नम्बर बदले जाएंगे तब उनका - एड्रेस भी बदल जाएगा। जिसके बाद उन्हें सबसे पहले आधार कार्ड में वार्ड क्रमांक बदलवाना होगा। उसके बाद राशन कार्ड में पता सुधरवाना पड़ेगा। सरकारी नौकरी करने वाले कर्मचारियों को अपने स्थायी पते में वार्ड नम्बर को सुधरवाना होगा। व्यापारियों को इनकम टैक्स फाइल, ल पेनकार्ड, जीएसटी, सेल टैक्स अगर उस क्षेत्र में व्यापारी व्यवसाय करता है तो अपने सभी दस्तावेजों में गुमास्ता, फुड लाइसेंस, निवास प्रमाण पत्र सहित अन्य दस्तावेजों में सुधार करवाना होगा। घर के प्रत्येक सदस्य को इन सभी ए सदस्तावेजों में सुधार करवाने होंगे। इसके अलावा ऐसे परिवार जो पासपोर्ट बनवाकर रखे हुए हैं या नया पासपोर्ट बनवाना चाहते हैं तो उनके आधार कार्ड में वर्तमान वार्ड की जो संख्या है उसे सुधरवाकर नए सिरे से नया पता देना होगा।



**बनवाना होगा शपथ पत्र :** नगरीय निकाय में किए जा रहे परिसीमन के बाद जब किसी नागरिक का वार्ड बदल जाएगा तब वह जब अपने वार्ड का नंबर बदलना चाहेगा तब उसे सबसे पहले एक शपथ पत्र बनवाना होगा जिसे हर दस्तावेज में अपना वार्ड नंबर बदलवाने के लिए हर ऑफिस ऑफिस भटकना पड़ेगा। परिवार के हर सदस्य के लिए यह लागू रहेगा। शासन को चाहिए कि जिन वार्डों में परिसीमन की आवश्यकता नहीं है, उसे स्वयं जानकारी में रखकर जनता को आने वाली परेशानी से बचाए।

**इन दस्तावेजों में करवाना होगा सुधार :** आधार कार्ड, राशन कार्ड, पासपोर्ट के लिए शपथ पत्र, सरकारी कर्मचारी का बदला हुआ पता शासकीय रिकार्ड में, व्यापारी को गुमास्ता में पता बदलवाना होगा, फूड लाइसेंस में नए वार्ड के नम्बर का उल्लेख, जीएसटी नम्बर में नए वार्ड के नम्बर का उल्लेख, पेन कार्ड में नार वार्ड के नम्बर का उल्लेख, ड्राइविंग लाइसेंस में नए वार्ड के नम्बर का उल्लेख, पोस्ट ऑफिस में नए वार्ड के नम्बर का उल्लेख, आवेदन इनकम टैक्स फाइल में नए वार्ड के नम्बर का उल्लेख, पुराने मतदाता परिचय में नाए वार्ड का पता सुधारवाना होगा। बैकों में नए पते की जानकारी देनी होगी ताकि एटीएम कार्ड अन्य दस्तावेज नए वार्ड नम्बर पर पहुंचे, दिव्यांग प्रमाण पत्र में दिए गए नए वार्ड का उल्लेख, सेल टैक्स ऑफिस में नए वार्ड के नंबर का उल्लेख करना होगा। जिसके लिए पेपर प्रकाशन, शपथ पत्र सहित अन्य दस्तावेज की प्रक्रिया से गुजरना होगा।

## देवरी में लगा आयुष स्वास्थ्य शिविर, लोगों की जांच कर किया गया उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

जनमानस में आयुर्वेद के प्रति जागरूकता लाने एवं जीवनशैली में सुधार कर स्वास्थ्य को बेहतर बनाये रखने के उद्देश्य से 23 जुलाई को बेरला विकासखंड के ग्राम देवरी में एक दिवसीय निशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर संचालनालय आयुष के निर्देशानुसार जिला आयुष अधिकारी डॉ वीणा मिश्रा के मार्गदर्शन में शिविर प्रभारी डॉ प्रवीण कुमार हरबंश के नेतृत्व में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में ग्राम देवरी सरपंच भारती साहू, उपसरपंच पोखन साहू, पंच गया राम साहू, ग्राम प्रमुख दिनेश सुराना, जिला आयुष अधिकारी वीणा मिश्रा उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भगवान धन्वंतरि की पूजा, माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद अतिथियों का स्वागत पुष्पाहार से हुआ। तत्पश्चात अतिथि उद्बोधन हुआ।

- जनमानस में आयुर्वेद के प्रति जागरूकता लाने की गई पहल



जिसमें सरपंच भारती साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि आयुष विभाग द्वारा बहुत बढ़िया कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। साथ ही उन्होंने लोगों को अधिक से अधिक संख्या में शिविर का लाभ उठाने हेतु अपील की। जिला आयुष अधिकारी डॉ वीणा मिश्रा ने विभाग के योजनाओं के संबंध में जानकारी देते हुए जनसामान्य को चिकित्सा लाभ लेने की अपील की। शिविर की जानकारी देते हुए शिविर प्रभारी डॉ प्रवीण कुमार हरबंश ने बताया कि शिविर में अनुभवी चिकित्सको द्वारा विभिन्न रोग जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, वातरोग, अर्श, भगंदर, दौबल्यता, मौसमी बीमारी ज्वर श्वास, कास, प्रतिशयाय आदि का जांचकर औषधि प्रदान की गई। मरीजों की बीपी, शुगर व नेत्र जांच की गई। शिविर में डॉ रचना कटियार व डॉ हिमानी वर्मा द्वारा महिलाओं का उपचार किया गया।

डॉ कुश कुमार साहू ने वर्षा ऋतु में होने वाले रोग, सावधानी, बचाव एवं आयुर्वेद में बताये अनुसार दिनचर्या, ऋतुचर्या, आहार-विहार का पालन करने कहा। शिविर में डॉ रजनी ठाकुर ने दंत उपचार किया। नेत्र जांच नेत्र सहायक अधिकारी गुलाब चंद सिन्हा द्वारा किया गया। शिविर में रोग प्रतिरोधक काढ़ा का वितरण किया गया। औषधि वितरण कार्य फार्मासिस्ट विनोद बांबेश्वर, पंचम वर्मा, पारसमणी ठाकुर के द्वारा किया गया। वहीं, पंजीयन करने में दिगम्बर निकोड़े व होरी लाल यादव का सहयोग रहा।

## 29 से होगा संकुल समन्वयकों के द्वितीय चरण का प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा में चारों विकास खंड के संकुल समन्वयकों के प्रशिक्षण के संबंध में डाइट के अकादमिक सदस्यों की एक बैठक रखी गई। डाइट बेमेतरा प्राचार्य जेके घृतलहरे की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में डाइट बेमेतरा के सेवानिवृत्त व्याख्याता तुकाराम साहू एवं सेवानिवृत प्रधान पाठक नंदलाल शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में 29 जुलाई से 2 अगस्त 2024 तक डाइट बेमेतरा में होने वाले संकुल समन्वयकों के द्वितीय चरण

- तैयारियों को लेकर डाइट में हुई बैठक

▶▶| शेष पेज 13 पर

## मेलेरिया, डेंगू व डायरिया जैसी बीमारियों से निपटने सतर्क रहकर करें काम : शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक हुई। बैठक के दौरान श्री शर्मा ने स्वतंत्रता दिवस मनाने की तैयारियां समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि ज़िला मुख्यालय के बेसिक स्कूल मैदान पर मुख्य समारोह आयोजित होगा। उन्होंने विषय अनुरूप सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने पर ज़ोर दिया।

- कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

कलेक्टर श्री शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को खाद-बीज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। वहीं, स्वास्थ अधिकारियों को ज़िले में मेलेरिया, डेंगू व डायरिया आदि से निपटने के लिए सतर्क रहने को कहा। बैठक में उन्होंने ज़िले के सभी एसडीएम से हिट एंड रन प्रकरण और की गई कार्रवाई की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने बिजली बिल बकाया का ज़िक्र करते हुए कहा कि जिन विभागों के बिजली बिल बकाया है, उसका भुगतान करें।

बैठक में कलेक्टर ने जनदर्शन में प्राप्त प्रकरणों को समय-सीमा में निराकरण करने की बात कही। उन्होंने लंबित प्रकरण की जानकारी ली। उन्होंने पात्र सभी महिला हितग्राहियों को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ देना सुनिश्चित करने को कहा। इसके साथ ही कहा कि महिला को प्रसव के दौरान सभी प्रकार की सुरक्षा और परहेज

▶▶| शेष पेज 13 पर

**चयन स्पर्धा में स्कूल की 8 बालिकाओं ने किया खेल प्रदर्शन**

## राज्यस्तरीय आवासीय हॉकी खेल अकादमी में प्रशिक्षण लेंगी बारगांव की तीन बालिकाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

खेल विभाग की पहल पर रायपुर में इस वर्ष से आवासीय बालिका हॉकी खेल अकादमी प्रारम्भ की गई है, जिसमे बालिकाओं के चयन के लिए 17 से 19 जुलाई तक राज्य स्तर पर ट्रायल लिया गया।

इसी क्रम में बेरला विकासखंड के शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बारगांव की 08 बालिकाओं ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। इनमें से 3 बालिकाओं का रायपुर खेल अकादमी के लिए चयन हुआ है। इनमें अन्नू टंडन, निशा साहू और हेमकला निषाद शामिल हैं। कलेक्टर रणवीर शर्मा ने हॉकी अकादमी के लिए चयनित बालिकाओं का सम्मान कर उत्साहवर्धन किया। बारगांव में पदस्थ व्यायाम शिक्षिका ने 2022 से बच्चों को सिखाना चालू किया है और महज कुछ वर्षों में ही वहाँ के बच्चों ने उपलब्धियों की सीढ़ी चढ़ना प्रारम्भ कर दिया। राष्ट्रीय खेलों में हॉकी इंडिया चैंपियानशिप में अपना स्थान बनाया।



### कई खिलाड़ियों का हो चुका है चयन

बता दें कि 2023 में डाली निषाद का बिलासपुर खेलो इंडिया में, तृषा यादव और संजना निषाद का 2024 में साई सेंटर राजनांदगांव के लिए चयन हुआ है। 2024 में ही विजय कुमार और चिंताराम पटेल का खेलो इंडिया सेंटर बिलासपुर के लिए चयन हुआ है। साथ ही यहीं के सतीश कुमार हेमचंद विश्वविद्यालय की ओर से इस्ट जोन हॉकी में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। अब बारगांव हॉकी की नर्सरी बन गया है, जो कि बेमेतरा जिले लिए विशेष उपलब्धि है ।


हरिभूमि पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### प्रशासन के साथ एनएमडीसी ने की लोगों की मदद

**रायपुर।** पिछले कुछ दिनों में किरंदुल क्षेत्र में एक हजार मिलीमीटर से ज्यादा बारिश रिकॉर्ड की गई, जिसके चलते बारिश का पानी बैलाडीला 11-सी खदान में घुस गया। इस वजह से एनएमडीसी सम्प टैंक की पूर्वी दीवार ढह गई। इससे किरंदुल शहर के पास निचले इलाकों में पानी भर गया। एनएमडीसी, प्रशासन के साथ मिलकर काम करते हुए स्थानीय लोगों को पूरा सहयोग एवं समर्थन प्रदान कर रहा है। अब तक कोई क्षति दर्ज नहीं की गई है। एनएमडीसी ने किसी भी भावी नुकसान की संभावना को कम करने और स्थिति नियंत्रित करने के लिए सभी एहतियाती कदम उठाए हैं और परिस्थिति पर निगरनी रखे हुए है। हर साल एनएमडीसी मानसून के दौरान इस तरह की घटनाओं की संभावना कम करने के लिए जरूरी तैयारी करता है। इस साल भी सुनिश्चित किया गया कि भारी बारिश की वजह से नुकसान कम से कम हो।

### महिलाओं ने छत्तीसगढ़ी गीत और नृत्य किए पेश



**रायपुर।** हम साथ-साथ सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम हरित दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिसमें संस्था के पदाधिकारियों ने सावन एवं वर्षा पर हिंदी छत्तीसगढ़ी गीत और नृत्य की प्रस्तुति दी। साथ ही छत्तीसगढ़ी क्विज, जिसमें छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध व्यंजन, साग, पोशाक गहने, नृत्य गीत एवं तीर्थस्थल पर सवाल पूछे गए। सावन क्वीन शोभा त्रिपाठी एवं नमिता, क्विज की विजेता श्वेता शर्मा एवं वैजयंती, गायन में कनिका चौबे विजेता रहीं। पुरस्कार वितरण अध्यक्ष मृणालिनी मिश्रा एवं महासचिव निर्मला शर्मा ने किया।

### संत चितले बाबा का जन्मोत्सव कल

**रायपुर।** शिरडी वाले साईं बाबा के परम भक्त संत गुलाब बाबा के



शिष्य संत चितले बाबा का 24 जुलाई को शिव धाम तुलसी पाटन में आगमन हो रहा है। राजधानी रायपुर के अनुयायियों की ओर से गुरुवार 25 जुलाई को संत चितले बाबा का जन्मोत्सव शिव धाम में धूमधाम से मनाया जाएगा। संतश्री अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान आमजनों के दर्शनार्थ उपलब्ध रहेंगे।

### अंताक्षरी स्पर्धा में गीतों पर झूमती रहीं महिलाएं



**रायपुर।** जेसीआई रायपुर वामांजलि की ओर से दो दिवसीय अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में हुआ। इस स्पर्धा में 54 समूह ने हिस्सा लिया। प्रत्येक समूह में चार महिला सदस्य थीं। स्पर्धा में सावन को आने दो टीम विजेता बनी। चार टीम खाना गाना, चार यार, सावन को आने दो और दीवाने मस्ताने के मध्य फाइनल मुकाबला खेला गया।

# चैंबर की बैठक, संविधान संशोधन पर हंगामा, पारवानी ने कहा-चुनाव लड़ें और ताकत दिखाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर आफ कामर्स के प्रदेश कार्यकारिणी की अंतिम बैठक में मंगलवार को हंगामा हुआ। एकता पेनल ने संविधान संशोधन को लेकर जहां सवाल उठाये। वहीं जय व्यापार पेनल ने आरोप को एक सिरे से खारिज करते हुए कहा कि नियम के साथ संविधान संशोधन किया गया है। चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने का कहना है कि कार्यकारिणी में यह विषय गया और वहां से मंजूरी मिलने पर कमेटी बनी। जिसने समय लेकर एक ड्राफ्ट तैयार किया उसे कार्यकारिणी में सर्व सम्मति से पारित करने के बाद आमसभा हुई। व्यापारी एकता पेनल के राजेश वासवानी से संशोधन को गलत बताते हुए अध्यक्ष से सवाल किया। जिस पर अध्यक्ष अमर पारवानी ने कहा कि उदबोधन होते ही वे इसका जवाब देंगे। पर जवाब से पहले नारेबाजी शुरू हो गई। बैठक में संरक्षक आसुदामल वाधवानी, ईश्वरचंद अग्रवाल, रामजी भाई पटेल, अनिल बरड़िया, सलाहकार- मगेलाल मालू, भरत बजाज, दीपक बल्लेवार, जितेंद्र दोशी, प्रमोद दुबे, राम गिडलानी, दिलीप खटवानी, संजय रावत, परमानंद जैन, राकेश ओचवानी, सुरिंदर सिंह, अजय अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, राजेन्द्र जग्गी, सहित प्रदेश भर से उपाध्यक्ष, मंत्री, कार्यकारिणी सदस्य और व्यापारिक, औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि सहित कार्यकारिणी सदस्य शामिल रहे।

## शिवराज चुनाव अधिकारी मनोनीत, अमर ने कहा- विपक्षी चुनाव लड़ें, वहां ताकत दिखाएं

### संविधान संशोधन में प्रक्रियाओं को अपनाया

चैंबर अध्यक्ष अमर पारवानी का कहना है कि मेरे जवाब देने के बाद वे लगातार सवाल कर रहे थे। मेरी बातों को सुन नहीं रहे थे। यह आरोप लगाते हैं कि चैंबर में संविधान संशोधन नियम के तहत नहीं हुआ। जबकि चैंबर में संविधान संशोधन नियम के साथ हुआ है। इसमें प्रक्रियाओं को ध्यान में रखा गया है। संविधान में कही भी यह मेंशन नहीं है कि जब तक अध्यक्ष नहीं रहेगा तो क्या प्रोटोकाल होना चाहिए। ऐसे में संविधान पर चर्चा शुरू हुई कार्यकारिणी में विषय रखा गया। वहां से मंजूरी मिलने पर कमेटी बनी जिसने समय लेकर ड्राफ्ट तैयार किया। मेडिकल कालेज के सभागार में आमसभा की गई थी। वहीं कमेटी के सदस्य संजय रावत ने प्रदेश के व्यापारियों के सामने सारी जानकारी दी। सारी चीजें डाक्यूमेंटेड है।




### चुनाव अधिकारी की नियुक्ति, जल्द होगा चुनाव

चैंबर कार्यकारिणी की अंतिम बैठक में शिवराज भंसाली को चुनाव अधिकारी बनाया गया है। अमर पारवानी ने बताया पितृपक्ष के दौरान व्यापार थोड़ा कमजोर होता है इसलिए हमने उस समय चुनाव कराने का सर्व सम्मति से निर्णय लिया है। हालाकि चुनाव की तारीख का अंतिम निर्णय चुनाव अधिकारी लेंगे।

## समता कालोनी से अग्रसेन चौक मार्ग में भरा पानी, आने-जाने वाले लोग रहे परेशान

# प्रोफेसर कालोनी, शीतला नगर, तरुण नगर कौशिल्या विहार सेक्टर 10 सड़क पर जलभराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में दो दिनों से रुक-रुक हो रही बारिश से जहां आम आदमी को उमस से राहत मिली है, वहीं शहर के दर्जनभर से ज्यादा रिहाइशी इलाकों में सड़क पर बारिश का गंदा पानी भरने से लोग परेशान रहे। कौशिल्या विहार सेक्टर 10 के प्रमुख मार्ग में जलभराव होने से रहवासियों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। समता कालोनी में मंगलम नाले से लेकर अग्रसेन चौक तक मुख्य मार्ग की सड़क पर घुटना भर पानी भरने से राहगीर सहित दोपहिया, तिपहिया और चारपहिया चालक त्रस्त रहे। प्रोफेसर कालोनी सेक्टर 1 से लेकर 4 में जलभराव होने से लोगों को आने-जाने में खासी परेशानी हुई। रावतपुरा फेज 2, आनंद विहार में कमोबेश यही स्थिति देखने को मिली।

- गोकुलनगर के अटल विहार, रावतपुरा फेज 2
- पचपेड़ी नाका से भाठागांव के सर्विस रोड की हालत खस्ता, जगह-जगह गड्ढों में गंदा पानी



### पचपेड़ी नाका से भाठागांव तक रिंग रोड की हालत खस्ता

पचपेड़ी नाका से भाठागांव जलगृह मार्ग तक सर्विस रोड में जगह-जगह गड्ढा होने और बारिश तथा नाली का गंदा पानी सड़क पर भरने से शहरवासियों को अपने गंतव्य तक आने-जाने में परेशानी हुई। दोपहिया और तिपहिया चालक भी जगह-जगह गड्ढे और नुकीलर बजरी से बचते-बचाते निकलते नजर आये। गंदे पानी के छींटे से राहगीरों को परेशानी हुई।

### गोकुल नगर अटल विहार, रावतपुरा फेज 2, आनंद विहार में भरा पानी

स्थित शहीद चंद्रशेखर आजाद वार्ड स्थित रावतपुरा फेज 2 कालोनी, आनंद विहार और गोकुलनगर के अटल विहार इलाके के 5 नंबर गली में जलभराव से लोगों को परेशानी हुई। निकास नाली की समुचित व्यवस्था नहीं होने और गड्ढों में पानी भरने से रहवासी परेशान रहे। दुर्गा मंदिर क्षेत्र, दीनबंधु गली और भैरवनगर खदान बस्ती वाले मार्ग पर घंटों गंदा पानी भरा रहा।

### प्रगति कालेज के सामने से पांडे नर्सिंग होम तक जलभराव

स्वामी आत्मानंद वार्ड स्थित समता कालोनी के प्रगति कालेज से पांडे नर्सिंग होम वाली सड़क पर बारिश और नाली का गंदा पानी तेज बहाव के साथ घंटों बहता रहा। इससे आसपास के रहवासी सहित इस मार्ग में आने-जाने वाले परेशान रहे। इसी तरह अग्रसेन चौक से एड लैब्स वाले मार्ग में घुटनों तक गंदा पानी सड़क पर भरने से समता कालोनी, चौबे कालोनी सहित आसपास के रहवासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### गंदा पानी से लोग रहे परेशान

रायपुर विकास प्राधिकरण के कौशिल्या विहार सेक्टर 10 क्षेत्र में मुख्य मार्ग की सड़क में बारिश का गंदा पानी लबालब भरने से लोग परेशान रहे। कीचड़ और गंदगी के बीच से होकर लोगों को आना-जाना पड़ा। यही नहीं, कौशिल्या विहार में विद्युत व्यवस्था चरमराने से वहां के रहवासी इन दिनों बेहद परेशान हैं। कौशिल्या विहार रेसीडेंट एसोसियेशन के अध्यक्ष आशीष भट्टाचार्य ने बताया कि इसकी शिकायत प्राधिकरण के अधिकारियों से भी की है, पर अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे। पिछले 3 दिनों से घंटों बिजली बंद होने की समस्या बनी हुई है। कभी आधे घंटे के लिए लाइट आती है तो कभी घंटों बिजली बंद रहती है। अंडर ग्राउंड केबल सिस्टम लगाते समय प्राधिकरण के अधिकारियों ने इसकी प्रापर मानिटरिंग नहीं की। इसका खामियाजा लोगों को बारिश के सीजन में भुगतना पड़ रहा है।

## श्रद्धा और उत्साह से मनाया महासंघ का स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूज्य धर्मध्वज के प्रताप से महासंघ का स्थापना दिवस सभी इकाइयों में अत्यंत श्रद्धा एवं उत्साह से मनाया गया। इसी क्रम में एजेबीएम छत्तीसगढ़ कुटुंब इकाई में भी स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर नव धर्मध्वज का विधिवत पूजन-अर्चन कर आरोहण किया और ध्वज गान का गायन कर ध्वज को नमन किया। संस्था के प्रांताध्यक्ष सुशांत कुमार तिवारी ने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान सभी सदस्यों के परिजनों द्वारा परम पूज्य प्रति की पूजा-अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। इसी दौरान सामाजिक विषयों पर चर्चा हुई और महासंघ के कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित कर आपस में मेल मिलाप बढ़ाने, नए सदस्यों को जोड़ने पर सहमति बनी। कार्यक्रम में मिथिलेश रिछारिया, हेमंत रिछारिया, आशा रिछारिया, सुरेश रिछारिया, प्रशांत तिवारी, रजनी तिवारी, वेदांत तिवारी, अनिता तिवारी आदि सभी भारी वर्षा के बीच इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए

## कॉल सेंटर में आने लगीं शिकायतें कुछ ही घंटे में हो रहा निराकरण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कलेक्टोरेट में जन समस्या निवारण कॉल सेंटर खुलने के दूसरे दिन से ही लोगों की शिकायतें आनी शुरू हो गई हैं। इनमें कुछ शिकायतों का कुछ घंटे के भीतर ही निराकरण भी किया गया। इनमें आरंग क्षेत्र के ग्राम चपरीद निवासी किसान हिरेंद्र साहू को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा था, जिसकी शिकायत मिलने पर किसान के दस्तावेजों का सत्यापन कराया गया, जिसके बाद किसान हिरेंद्र को भी अब योजना के तहत किस्त की राशि मिल पाएगी।

**कुछ घंटे में मिल गई राशन कार्ड की सॉफ्ट कॉपी :** गुढ़ियारी निवासी संजय जानी ने राशन कार्ड के पीडीएफ नहीं मिलने की शिकायत कॉल सेंटर में की। इस शिकायत पर तत्काल खाद्य विभाग के अधिकारी ने जोन-1 में सम्पर्क कर हितग्राही के राशन कार्ड की सॉफ्ट कॉपी वाट्सप के माध्यम से उसके मोबाइल में उपलब्ध कराया गया।

### नाली की बदबू और मच्छरों से मिली मुक्ति

कॉल सेंटर में मानजीभाई होटल के पास नाली की बदबू और मच्छरों से लोग परेशान थे। इसकी शिकायत मिलते ही कुछ घंटे के भीतर नगर निगम की टीम को मौके पर भेजकर नाली की सफाई कराने के साथ मच्छरों को नियंत्रण करने दवा का छिड़कांव कराया गया। इससे क्षेत्र के लोगों को बदबू और मच्छरों से राहत मिली।

### रात में शिकायत, सुबह निराकरण

बिलाड़ी गांव की रहने वाली शकुंतला साहू ने कॉल सेंटर में सोमवार रात को शिकायत दर्ज कराई कि पड़ोस में निस्तारी के पानी को मुरूम डालकर रोक दिया गया है। इससे लोगों को काफी परेशानियां हो रही है। सुबह होते ही इस शिकायत पर तिल्दा एसडीएम ने राजस्व टीम को भेजकर जेसीबी के माध्यम से पानी निकासी के लिए रास्ता बनाकर लोगों की समस्या का निराकरण किया।

## डेढ़ साल से प्रोत्साहन राशि नहीं कैसे होगा स्वास्थ्य सेवा का विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ग्रामीण इलाकों में सेवा देने के बदले मिलने वाली प्रोत्साहन राशि के भुगतान के लिए सूरजपुर जिले के डाक्टर सहित अन्य स्टाफ न्यायालय की शरण में जाएंगे। सेवा देने वाले चिकित्सकीय स्टाफ को पिछले डेढ़ साल से इस राशि का भुगतान नहीं हुआ है। इसे लेकर ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवा के विस्तार की योजना पर सवाल उठाया जा रहा है।

- सूरजपुर के डाक्टर और अन्य स्टाफ जाएंगे न्यायालय की शरण में

जानकारी के अनुसार राज्य शासन द्वारा कठिनतम और पहुंच विहीन स्थानों तक स्वास्थ्य सेवा को पहुंचाने के लिए सीआरएमसी योजना लागू की गई है। इसके तहत सेवा देने वाले चिकित्सक सहित अन्य स्टाफ को हर तिमाही में प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जाता है। सूरजपुर जिले के 215 उपस्वास्थ्य केंद्र और 39 अस्पताल इस योजना के तहत चिन्हित किए गए हैं और वहां काम करने वाले स्टाफ को इसके लिए अतिरिक्त राशि प्रदान किए जाने का प्रावधान है। सूत्रों के अनुसार पिछले डेढ़ साल से उनके खाते में जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। इस मामले में चिकित्सकों सहित अन्य कर्मचारियों द्वारा जिला स्तर पर जिम्मेदार अधिकारियों से मुलाकात की जा चुकी है, मगर उनकी ओर से किसी तरह कार्यवाही नहीं की गई है।



### अब तक भुगतान नहीं किया

चिकित्सकों के प्रतिनिधि इसे लेकर प्रदेश स्तर के अधिकारियों से भी मिल चुके हैं, मगर अब तक भुगतान नहीं किया गया है। नाराज कर्मचारी इस मामले में न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की तैयारी में हैं। यूनाइटेड डाक्टर फ्रंट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. हीरा सिंह लोधी का कहना है कि शासन एक ओर दूरस्थ अंचलों में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करने के दावे करता है, दूसरी वहां काम करने वाले कर्मचारियों को योजनाओं की राशि का भुगतान नहीं कर हतोत्साहित किया जाता है। प्रोत्साहन राशि संबंधित जिले के चिकित्सकों सहित अन्य स्टाफ का हक है, जिसे पाने के लिए उनके द्वारा लिए गए निर्णय में संगठन उनके साथ हैं।

# मास्टर चाबी से करते थे चोरी 2 आरोपियों से 14 वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी पुलिस ने मंगलवार को शहर में अलग-अलग थाना क्षेत्र से दोपहिया वाहन चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से चोरी के 14 वाहन जब्त किए गए हैं, जिसकी चोरी आरोपियों ने न्यूराजेन्द्र नगर, बूढ़ापारा, मोवा-पंडरी कपड़ा मार्केट, कटोरा तालाब, रामसागर पारा, अवंति विहार क्षेत्र से की थी।

शहर में दोपहिया वाहन चोरी की वारदातें लगातार बढ़ रही है। शहर के व्यावसायिक एवं भीड़ इलाकों से दोपहिया वाहन की लगातार चोरियां हो रही हैं। न्यू राजेन्द्र नगर, बूढ़ापारा, मोवा-पंडरी कपड़ा मार्केट, कटोरा तालाब, रामसागर पारा, अवंति विहार क्षेत्र में दोपहिया वाहन चोरी के मामले में संबंधित क्षेत्र के थानों में रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई है। पुलिस ने वाहन चोरी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए अपने मुखबिरों को अलर्ट किया हुआ था।

इस दौरान 23 जुलाई को सुबह 11 बजे पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति फल मंडी के पीछे चोरी की बाइक बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। पूछताछ में आरोपियों की पहचान टोपेश्वर साहू उर्फ संजू 28 वर्ष निवासी सेक्टर.01 अवंति विहार एवं जितेन्द्र निषाद 34 वर्ष निवासी ग्राम हथखोज राजिम के रूप में की गई। दोनों आरोपियों ने शहर में वाहन चोरी की कई वारदातों में शामिल होने की बात कबूल की। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने उनके कब्जे से 14 गाड़ियां बरामद की हैं।




### मास्टर चाबी लगाकर करते थे चोरी

आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वाहन चोरी करने के लिए वे मास्टर चाबी का इस्तेमाल करते थे। यह मास्टर चाबी कोई भी दोपहिया वाहन में लग जाती है। आरोपियों ने अब तक एक्टिवा, जुपिटर, एक्सेस, पल्सर, स्पलेंडर, होंडा साइन जैसे वाहन चोरी किए हैं। दोनों आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

# रक्षाबंधन पर दिल्ली, मुंबई, हावड़ा रूट की ट्रेनों में वेटिंग 60 के पार, फर्स्ट एसी में जगह नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




सावन के साथ ही त्योहारी सीजन भी शुरू हो चुका है। 19 अगस्त को रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाएगा, जिसके लिए अभी से ट्रेनों में टिकटों की बुकिंग शुरू हो गई है। लगातार ट्रेन रद्द होने के बाद भी रक्षाबंधन को लेकर ट्रेनों में एडवांस टिकट जमकर बुकिंग हुई।

ज्यादातर यात्री घर लौटने उन ट्रेनों में टिकट खरीद रहे हैं, जिन ट्रेनों को रेलवे ने अभी तक रद्द नहीं किया है। रायपुर से दिल्ली, मुंबई और हावड़ा समेत उत्तर प्रदेश और बिहार जाने समता, छत्तीसगढ़, सारनाथ, गीतांजलि एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में वेटिंग अभी से 50 के पास पहुंच गया है। जल्द ही थर्ड और फर्स्ट कोच में भी वेटिंग की झंझट शुरू हो जाएगी। बता दें कि मार्च से जून तक रेलवे ट्रेनों के विलंब और पटरियों के काम से अभी तक 300 से अधिक ट्रेनों को रद्द कर चुका है। रेलवे के इस फैसले से यात्रियों को बड़ी तकलीफ हुई है। जोन के अधिकारियों ने स्पष्ट कर दिया है कि पर्व के दिन ट्रेन रद्द नहीं होगी, लेकिन पर्व से पहले ट्रेन का परिचालन बिगड़ सकता है। दपूमरे के अलावा दूसरे मंडल में पटरियों का काम चलेगा।

### लगातार रद्द ट्रेनों से बना रहे दूरी

लगातार ट्रेनों के रद्द होने से अब टिकट एजेंट भी एडवांस टिकट बुकिंग सिर्फ उन ट्रेनों में कर रहे हैं, जिसके रद्द होने की संभावना फिलहाल नहीं है। यात्री भी उन ट्रेनों में सफर करना नहीं चाहते, जिसे रेलवे बार-बार रद्द कर रहा है। इसीलिए रक्षाबंधन में जाने यात्रियों ने रद्द वाली ट्रेनों से दूरी बना ली है। ऐसे ट्रेनों में बुकिंग त्योहार के दौरान कम है। प्रमुख ट्रेनों में बुकिंग फुल होने की वजह से अब वेटिंग की स्थिति बन चुकी है। ऐसे में अगर रेलवे स्पेशल ट्रेन नहीं चलाता है, तो एक बार फिर हजारों यात्रियों को दिक्कत होगी। इस बात का अंदाजा यात्रियों को भी है। इसीलिए महीनेभर पहले बुकिंग करवा रहे हैं।

## मंगलवार को हुई अशासकीय महाविद्यालय प्राचार्य संघ की बैठक

# पास होना आसान इसलिए निजी विश्वविद्यालय में प्रवेश अब सभी विवि की परीक्षाएं एक ही बॉडी से कराने सिफारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि से संबद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश की स्थिति इस बार विशेष अच्छी नहीं रही है। ना सिर्फ निजी महाविद्यालय बल्कि शासकीय महाविद्यालयों में भी सीटें दो चरणों के प्रवेश और ओपन काउंसिलिंग के बाद भी नहीं भर सकी हैं। मंगलवार को अधिकतर महाविद्यालयों में ओपन काउंसिलिंग रखी गई थी। वहीं मौजूदा स्थिति तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संदर्भ में मंगलवार को अशासकीय महाविद्यालय प्राचार्य संघ की बैठक आयोजित की गई। यहां प्राचार्यों द्वारा नवीन शैक्षणिक सत्र के विषय में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।



एसोसिएशन के अनुसार, निजी विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों के लिए उत्तीर्ण होना आसान हो गया है। इसके अतिरिक्त उपस्थिति सहित अन्य नियमों का भी कड़ाई से पालन नहीं किया जाता है। इसके कारण छात्र निजी विवि में प्रवेश ले रहे हैं और शासकीय विवि तथा उनसे संबद्ध महाविद्यालयों में दाखिले कम हो रहे हैं। निजी कॉलेजों ने फैसला किया है कि वे उच्च शिक्षा विभाग से मांग करेंगे कि निजी और शासकीय दोनों विवि की परीक्षाएं एक ही बॉडी द्वारा ली जाए। जिस तरह से शासकीय और निजी स्कूलों की बोर्ड परीक्षाएं एक ही मंडल द्वारा ली जाती है।

### कोई विकल्प नहीं

परीक्षा में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए इसके अतिरिक्त और कोई विकल्प नहीं है। निजी विश्वविद्यालयों द्वारा कई स्तर पर मनमानी की जा रही है।

- **डॉ. देवाशीष मुखर्जी,** सचिव, प्राइवेट कॉलेज एसोसिएशन

## खबर संक्षेप

### हरियाणा विस चुनाव के लिए पर्यवेक्षक बनाए गए पुकेश

**अंडा।** किसान कांग्रेस के दुर्ग जिला अध्यक्ष पुकेश चंद्राकर को



कुरु क्षेत्र लोकसभा हरियाणा विधानसभा चुनाव का पर्यवेक्षक बनाया गया है। इसके अंतर्गत किसान न्याय यात्रा 25 जुलाई से 25 अगस्त तक हरियाणा के 90 विधानसभा क्षेत्रों में चलेगी। वहीं, 9 विधानसभा एवं लोकसभा में प्रमुख रूप से 15 किलोमीटर चलेगी, जिसमें कुरूक्षेत्र के दो विधानसभा में राहुल गांधी दो दिन उपस्थित रहेंगे। वहीं, किसान आंदोलन में शहीद किसान परिवारों को शहीद का दर्जा और परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी, किसान आंदोलन में शामिल लोगों को एक पेंशन की योजना अगर कांग्रेस सरकार हरियाणा में बनेगी तो देने की घोषणा भी की जाएगी।

### स्कूल से गायब मिले प्राचार्य व व्याख्याता

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार शिक्षा सप्ताह का आयोजन 22 जुलाई से 28 जुलाई तक प्रदेश के समस्त विद्यालयों में किया जा रहा है। इसी क्रम में दुर्ग संभाग में भी शिक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया है। शिक्षा सप्ताह का अवलोकन करने के लिए संयुक्त संचालक शिक्षा रूपलाल ठाकुर एवं उपसंचालक प्रवास कुमार सिंह बघेल विभिन्न विद्यालयों का अवलोकन किया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्टेशन मुढ़ीपार में प्राचार्य ममता गुप्ता व्याख्याता गणित आकांक्षा बोरकर, सहायक ग्रेड 2 बलिराम यादव व सहायक ग्रेड 3 शशि शर्मा अनुपस्थित पाए गए। इन सभी का एक दिन का वेतन काटने के आदेश जारी करते हुए इन्हें कारण बताओ सूचना जारी किया गया । संयुक्त संचालक ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों एवं समस्त प्राचार्य को निर्देशित किया है कि शासन के निर्देशानुसार शिक्षा सप्ताह के लिए दिवसवार कार्यक्रम आयोजित करें। समुदाय की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए शिक्षा सप्ताह का आयोजन करें। अनाधिकृत अनुपस्थिति पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### शिवमहापुराण आज से जयंती स्टेडियम में

**भिलाई।** जयंती स्टेडियम में 25 जुलाई से 31 जुलाई तक अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक सीहोर वाले पं. प्रदीप मिश्रा श्री शिवमहापुराण कथा सुनाएंगे। शिवमहापुराण कथा स्थल पर भारी बारिश को देखते हुए 3 लाख श्रद्धालुओं के लिए वाटरप्रूफ पंडाल लगाए गए हैं। इसके अलावा अलग से भी पंडाल की व्यवस्था की गई है। बोल बम समिति द्वारा आयोजित इस शिवमहापुराण कथा के लिए भव्य कलश यात्रा 24 जुलाई को सेक्टर 5 स्थित गणेश मंदिर से सुबह 10 बजे निकलेगी। पंडाल में पहुंचे श्रद्धालु रामकुंवर, ज्योत्सना, कौशिल्या, कुमारी बाई, रमेश, समारू आदि बताते हैं कि पंडाल में कथा सुनने का फल जरूर मिलता है। पांच कथाओं को पंडाल में बैठकर सुनने से उनका दुख-तकलीफ कम हुआ है। बाबा भोलेनाथ में बहुत कुछ दिया है। पंडाल में जब तक कथा चलती है वहां कैलाशधाम की अनुभूति होती है। इसलिए पंडाल में कथा सुनने का अलग ही महत्व है जो टीवी में सुनने से नहीं मिलता।

**आयोजन :** नगपुरा सेजस में हुई पर्यावरण पर चित्रकला प्रतियोगिता और अतिथियों ने किया पौधारोपण

# बच्चों ने पेड़-पौधों पर की सुंदर चित्रकारी और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के प्रथम स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल नगपुरा में अंचल के लगभग चार संकुल से करीब पच्चीस प्रायमरी, मिडिल, हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के 70 से ज्यादा विद्यार्थियों ने अपनी कला प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्होंने स्पर्धा में चित्रकारी कर अपने विचार व्यक्त करते हुए लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

अवगत हो इस्पात नगरी के सेवानिवृत अधिकारी और इंजीनियरों की संस्था सेवा फाउंडेशन भिलाई द्वारा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा में संकुल अंचल के नगपुरा ,बोरई, बेलोदी,भेंडसर ,अंजोरा, खुरसुल, खुरसीडीह, दमोंदा, ढाबा, मालूद ,टोला, कोडियाडीह, कोटनी, मालुद,गनियारी स्थित सभी प्राथमिक,माध्यमिक ,उच्चतर माध्यमिक स्कूल के दो-दो विद्यार्थी पर्यावरण विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए।

प्रतियोगिता का शुभारंभ अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा यादव, केश शिल्पी बोर्ड के अध्यक्ष नंदकुमार सेन, सरपंच भूपेंद्र रिगरी ,सरपंच संघ अध्यक्ष मुकुंद पारकर, सेवा फाउंडेशन भिलाई के अध्यक्ष एस के जैन उपाध्यक्ष सुब्रमण्यम, प्रवीण मिश्रा ने सरस्वती पूजन वंदन कर किया गया इसी के साथ सेवा



फाउंडेशन भिलाई के गतिविधियों के संबंध में एस के जैन ने बताया कि भिलाई सहित आसपास के क्षेत्र में अकुशल श्रमिको को क्रेन ऑपरेटिंग ट्रेनिंग देकर , महिला युवा समूह जिन्हे तकनीकी जानकारी सहित आवश्यक समाग्री जिससे कारकुशलता में वृद्धि एवम् आर्थिक स्तर में सुधार हो प्रयास किया जा रहा है बी एस पी के ठेका श्रमिको को रखरखाव और सुरक्षा संबंधी ट्रेनिंग भी दिया जाता है वर्तमान परिदृश्य में प्रकृति के प्रति बच्ची को जागरूक करने यह आयोजन भी किया जिसमे प्रतिभावान बच्ची को नगद राशि भी इनाम दिया जा रहा है और विजयी छात्र छात्राओं को जिला राज्य स्तर पर भी भाग लेने की सारी जिम्मेदारी सेवा फाउंडेशन द्वारा किया जाएगा।

### स्पर्धा में इन बच्चों ने मारी बाजी

प्रतियोगिता में प्रथम को 1500 रूपए, द्वितीय को 1000 तृतीय को 500 तथा सान्त्वना पुरस्कार के रूप में 200 रूपए की नकद राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। प्राथमिक स्तर पर रश्मि साहू प्रथम, भुवेश साहू द्वितीय तनिषा सिन्हा तृतीय रहे। इसी तरह मिडिल स्कूल स्तर पर गीतांजलि साहू प्रथम राजेश्वरी पटेल द्वितीय रुद्र नारायण तृतीय, हाई स्कूल स्तर पर गिरिराज प्रथम चंद्रशेखर साहू द्वितीय चारुल निषाद तृतीय स्थान प्राप्त किए। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने सेवा फाउंडेशन के तज्जुद्दीन, बी एम राव,मनोहर लाल ,संदीप नैय्यर ,मथाई ,प्राचार्य बसंत यादव,शिक्षिका शिल्पी देशपांडे,रूबीना का विशेष योगदान रहा।



### पौधे लगाना और उनकी सुरक्षा करना जरूरी



जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा यादव ने हर बच्चे को एक एक पौधा लगाने और उसके संरक्षण करने की प्रेरणा दी। केश शिल्पी बोर्ड के अध्यक्ष नंदकुमार सेन ने अंधाधुंध हो रही पेड़ कटाई को मौसम के असंतुलन का मुख्य कारण बताया। उन्होंने इससे भविष्य में अंजाम खतरनाक होने की ओर इशारा किया। सरपंच भूपेंद्र रिगरी ने भिलाई बिरादरी के सेवा फाउंडेशन के इस आयोजन के लिए धन्यवाद दिया और इस तरह के अन्य आयोजन में ग्राम पंचायत की भूमिका हमेशा सहयोगात्मक होने की बात कही। सरपंच संघ दुर्ग के पूर्व अध्यक्ष रिवेंद्र यादव ने कहा की हर व्यक्ति को अपनी मूल जड़ की और लौटना होगा गांव को अपनी पुरानी भूमिका में आना होगा जिसमे बरगद ,पीपल ,आम आंवला जैसे पेड़ों, पोखर, तालाब, कुओं जैसे जल संरक्षण के लिए आगे आना होगा।


जिले की 10 पंचायतों का किया गया है चयन

## तीन हजार से अधिक जनसंख्या वाली ग्राम पंचायत बनेंगे मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने कहा कि राज्य शासन की मंशानुरूप जिले के 03 हजार से अधिक जनसंख्या वाले ग्राम पंचायत का मॉडल ग्राम पंचायत के रूप में विकसित किया जाएगा।

इसके अंतर्गत बालोद जिले के ग्राम पंचायत कुसुमकसा, सम्बलपुर (लो), कचांदुर, सिकोसा, कवर, मिर्रीटोला, पेण्डरवानी, पलारी, अरकार एवं अरमरीकला को मॉडल ग्राम पंचायत हेतु चयनित किया गया है। उक्त चयनित ग्राम पंचायतों में मॉडल ग्राम पंचायत हेतु कार्य योजना निर्माण एवं क्रियान्वयन हेतु आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ



संजय कन्नौजे की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में डॉ. कन्नौजे ने सबंधित ग्राम पंचायत के सचिवों को मॉडल ग्राम पंचायत के कार्य योजना निर्माण एवं क्रियान्वयन के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन ग्राम पंचायतों के विकास हेतु अधोसंरचना के कार्यों के अलावा आंगनबाड़ी, भवन, बाजार निलामी तथा नियमित करों का आरोपण के साथ–साथ निजी घरों एवं शासकीय भवनों में सोख्ता गड्ढा एव व्यावसायिक परिसर का निर्माण हेतु कमेटी गठित की जाएगी। उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों को इन चयनित ग्राम पंचायतों में विस्तृत कार्य योजना के निर्माण करने के निर्देश दिए हैं। जिससे इन ग्राम पंचायतों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में उप संचालक आकाश सोनी सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

## कलंगपुर में सड़क पर गिरा पेड़...



**बालोद/कलंगपुर।** बुधवार दोपहर 3 बजे गुण्डरदेही धमतरी मुख्य मार्ग में ग्राम कलंगपुर के पेट्रोल पंप के पास एक बड़े बबूल झाड़ भारी बारिश एवं हवा के चलते धराशाई होकर बीच सड़क पर गिर गया। इसके कारण आवागमन थोड़ी देर के लिए बाधित हो गया। इसकी सूचना पाकर पी डब्ल्यू डी के कर्मचारियों ने पेड़ को मशीन से काटकर सड़क किनारे किया।

पेज 11 के शेष

### 29 से होगा संकुल ...

के 5 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण के संदर्भ में विस्तार से चर्चा कर योजनाएं बनाई गई।

बैठक में श्री घृतलहरे ने कहा कि इस प्रशिक्षण में केवल संकुल समन्वयकों को ही एससीईआरटी रायपुर द्वारा प्रशिक्षित राज्य स्रोत व्यक्ति द्वारा प्रशिक्षण दिया जाना है। प्रशिक्षण में एक दिवसीय स्कूल में जाकर अवलोकन रिपोर्टिंग व डेमो क्लास का संचालन कर प्रायोगिक कार्य भी किया जाना है। प्रशिक्षण के पांच दिवस पूर्व दो-दो घंटे की ऑनलाइन पांच कक्षाएं भी होंगी, जिनमें जिले के सभी सीएससी अनिवार्य रूप से जुड़ेंगे। वहीं, प्रशिक्षण के 10 दिन बाद फिर दो-दो घंटे की ऑनलाइन कक्षाएं होंगी। यह प्रशिक्षण पूर्णतया आवासीय है, जिसके तहत सभी प्रशिक्षणर्थियों के लिए आवास, भोजन व चाय की व्यवस्था की गई है। बैठक में बेरला से बीआरसी खोम लाल साहू सहित डाइट बेमेतरा से वरिष्ठ व्याख्याता व प्रशिक्षण प्रभारी उषा किरण पाण्डेय, अनिल कुमार सोनी, जी एल खुटियारे, डॉ बसुबंधु दीवान, थलज कुमार साहू, राजकुमार वर्मा, यमुना जांगड़े, कीर्ति घृतलहरे, श्रद्धा तिवारी सहित सभी अकादमिक और कार्यालयीन सदस्य उपस्थित थे।

### मेलेरिया, डेंगू व डायरिया ...

संबंधी जानकारी देने को कहा, ताकि महिला का सफलतापूर्वक स्वस्थ रूप से प्रसव करवाया जा सके। सरकारी अस्पताल में महिला का निशुल्क प्रसव करवाने तथा प्रसव के बाद भी पूरा ध्यान रखने के निर्देश दिए। **महिलाओं को सौंपें जल संरक्षण की जिम्मेदारी:** बैठक में जल संरक्षण के क्षेत्र में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि जल संरक्षण की जिम्मेदारी महिलाओं को सौंपने से बहुत अच्छा सकारात्मक परिणाम मिलेगा, क्योंकि महिलाएं जल का महत्व बेहतर तरीके से समझती हैं। उन्होंने अधिकारियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ माँ के नाम से अवश्यक लगाने को कहा। उन्होंने वार्ड परिसीमन आदि की भी जानकारी ली। बैठक में अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी, संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग, एसडीएम सहित विभिन्न विभागों के ज़िला अधिकारी उपस्थित थे।

## स्कूटी को ठोकर मार, खंभे से टकराई तेज रफ्तार कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय स्थित गंजपारा में सुबह एक कार सवार युवक ने स्कूटी सवार युवती को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद उसकी कार नाले

- जिला मुख्यालय स्थित गंजपारा में बुधवार सुबह हुई दुर्घटना
- राहगीरों ने घायल युवती को पहुंचा अस्पताल, पुलिस ने आरोपी को पहुंचाया थाने

में जा घुसी। घटना के बाद राहगीरों ने जहां दुर्घटनाग्रस्त लड़की को इलाज के लिए हॉस्पिटल भेजा, वहीं युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार युवक सुबह अनियंत्रित तरीके से



कार क्रमांक सीजी 04 एन बी 5395 को चलाते आ रहा था। उसने स्कूटी क्रमांक सीजी 07 ए ई 8162 सवार लड़की को जोरदार ठोकर मार दी। इससे लड़की अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़ी, वहीं दूसरी ओर कार सड़क किनारे लगे बिजली के खम्भे से जा टकराई और सड़क के किनारे बनी निकासी नाली में फंस गई। इस सड़क हादसे में सरिता चौरसिया ग्राम देवारभाट निवासी उम्र लगभग 20वर्ष गंभीर रूप से घायल है, जिन्हें प्राथमिक इलाज के लिए जिला हॉस्पिटल भेजा गया। उसके बाद उन्हें इलाज के लिए हायर सेंटर रिफर किया गया है, वहीं कार चालक के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

राहगीरों ने घायल लड़की को उठाकर हॉस्पिटल पहुंचाया और कार चालक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया। वहीं, दुर्घटना में कार की टक्कर से स्कूटी के परखचे उड़ गए तो वहीं कार भी क्षतिग्रस्त हुई है। इसके साथ ही सड़क किनारे लगे बिजली के खम्भे व तार भी प्रभावित हुए हैं।

### घटना का सीसी टीवी फुटेज आया

गंजपारा में घटित सड़क दुर्घटना का भी वीडियो फुटेज सामने आया है, जिसमें चालक द्वारा ओवर स्पीड में कार चलाई जा रही थी। वह स्कूटी को सामने से जोरदार टक्कर मारी और दूर तक घसीटते

## चार दिन में ही जलाशयों में 32 फीसदी पानी बढ़ा

**भिलाई।** पिछले चार दिनों की लगातार बारिश ने जलाशयों की स्थिति को भी बेहतर कर दिया। जलाशयों में 19 जुलाई से 23 जुलाई तक औसतन 32 फीसदी ज्यादा जलभराव हो गया। वर्तमान में जलाशयों में 45 प्रतिशत तक पानी भर चुका है। इधर शिवनाथ नदी में बाढ़ की वजह से आसपास गांवों में पानी भरने लगा है। अछोटी और चंगोरी गांव में बाढ़ की वजह से 32 मजदूर फंस गए हैं। ये मजदूर ईंट भट्ठों में काम करते हैं। फंसे मजदूरों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला जा रहा है। शिवनाथ नदी स्थित महमरा एनीकट बाढ़ की वजह से 11 फीट ऊंचाई से पानी बह रहा है।

### परिवार में सुख-शांति व समृद्धि चाहिए तो क्रोध का त्याग कर सहनशील बनना होगा

**बालोद।** सात दिवसीय शिविर में हम स्वर्ग धरा पर लाएंगे विषय पर बोलते हुए संत ऋषभ सागर जी महाराज साहब ने कहा कि परिवार में सुख शांति समृद्धि चाहिए तो क्रोध का त्याग और सहनशीलता को अपनाना होगा। हमारा कॉन्सेप्ट क्लियर होना चाहिए कि हम कैसा परिवार चाहते हैं। हमें यह समझना होगा कि हम परिवार को क्या दे रहे हैं। क्रोध करेंगे तो क्रोध मिलेगा अशांति देंगे तो अशांति मिलेगी। जब हम यह जानते हैं तो हम ऐसा क्यों करते हैं यह एक चिंतन का विषय है। हमें जो मिला है उसकी कद्र करें अन्यथा बाद में पछताना पड़ेगा एक व्यक्ति मेरे पास आया वह बहुत दुखी था उसने बताया कि माता–पिता थे तब मैंने उनका मूल्य नहीं समझा तथा असम्मानजनक शब्दों का प्रयोग भी करता था।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र–छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस,ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बलोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### बजट से समाज के सभी वर्गों का होगा सर्वांगीण विकास

**डौंडीलोहारा।** केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कुसुम शर्मा ने कहा है कि केंद्र सरकार के बजट से समाज के सभी वर्ग का सर्वांगीण विकास होगा। 3.0 की मोदी सरकार से गांव, गरीब, किसान समृद्धि की ओर जायेंगे तो महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होंगी। सरकार ने सभी वर्ग के उत्थान को ध्यान में रखकर बजट प्रस्तुत किया है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के पढ़े लिखे युवाओं को आगे बढ़ाने मॉडल स्कील योजना के तहत लोन मिल सकेगा। वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट में नौकरी करने वाले युवाओं को अतिरिक्त पीएफ देने का भी ऐलान किया गया है। महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कुसुम शर्मा ने कहा कि इस बजट में सरकार का फोकस महिलाओं, युवाओं पर रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कैंसर मरीजों को इलाज में बड़ी राहत दी है। मेडिकल में कैंसर से जुड़ी बीमारियों में इस्तेमाल होने वाली दवाएं, उपकरणों पर कस्टम ड्यूटी घटाई गई है, इससे कैंसर का इलाज सस्ता होगा। वहीं, सोने और चांदी पर कस्टम ड्यूटी घटाकर 6 फीसदी करने से गहने सस्ते हो जाएंगे। कुल मिलाकर इस बजट से देश के सभी वर्ग के लोगों को लाभ होगा।

### सड़क किचड़ से लथपथ आवागमन बाधित

**बरबसपुर।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों की डब्ल्यूबीएम सड़क किचड़ से लथपथ होने से मार्ग पर पैदल दुभर व सड़क दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों तथा रहवासियों द्वारा विभागीय अधिकारियों व जिम्मेदारों को कई बार शिकवा शिकायत कर डब्ल्यूबीएम मार्ग की सुधार तथा मरम्मत कि मांग की गई लेकिन विभागीय अधिकारियों की अनदेखी का खामियाजा ग्रामीणों व राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार डब्ल्यूबीएम सड़क किचड़ से लथपथ होने के कारण ग्रामीण व राहगीर किचड़ मय सड़क से आवागमन लगभग बंद होने की स्थिति में है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में सत्ता सरकार तो बदली और मौसम भी बदला, लेकिन डब्ल्यूबीएम मार्ग की तस्वीर बदलने का नाम ही नहीं ले रहा है। स्थिति यह है कि वर्तमान में यह मार्ग जानलेवा साबित हो चुकी है। यह तस्वीर विधानसभा कवर्धा क्षेत्रांतर्गत ग्राम घोठिया से झलका जाने वाली डब्ल्यूबीएम मार्ग है। जो कि हल्की तेज बारिश के डब्ल्यूबीएम सड़क मे पैदल चलना दुभर हो गया है।

### स्कूल में किया पौधारोपण

**कवर्धा।** गुरूकुल पब्लिक स्कूल में मंगलवार को पौधरोपण कर सीसीए ऐक्टीविटी के अंतर्गत कक्षा 4थी व 5वी के छात्र छात्राओं द्वारा किया गया साथ ही साथ 4 अगस्त तक 200 से अधिक पौधरोपण का संकल्प लिया गया। इसी कडी में कक्षा 4थी से 5वी तक के विद्यार्थियों द्वारा 60 पौधे रोपितकर ट्री-गार्ड सहित संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला वनमंडलाधिकारी शशिकुमार उपस्थित थें। जिसमें कक्षा 4 थी से 5वीं तक के छात्र-छात्राओं ने एक पौधा लगाकर उसका नामकरण किया, कार्यक्रम मे विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ज्ञानेन्द्र सिंह और प्रशासक संदीप श्रीवास्तव एवं गुरूकुल स्कूल में कार्यरत सभी सदस्य भी सम्मिलित हुए।

---

**स्पर्धा**

**पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बेमेतरा में हुई संकुलस्तरीय प्रतियोगिता**

# बास्केटबाल प्रतियोगिता में 17 शालाओं के 140 खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बहेरा, बेमेतरा में दो दिवसीय संकुल स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 22 से 23 जुलाई तक किया गया। विद्यालय प्रांगण में सायंकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर रणबीर शर्मा थे। इस अवसर पर एडीएम अनिल वाजपेयी, संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग, ज़िला शिक्षाधिकारी केके बंजारे, एसडीएम घनश्याम सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री शर्मा ने माइकल जॉर्डन का उदाहरण देते हुए बास्केटबाल खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु दृढ़ इच्छाशक्ति एवं ख़ुद पे भरोसा व विश्वास करने का गुण सिखाया। उन्होंने कहा कि नवोदय विद्यालय के बच्चे अनुशासनप्रिय एवं होनहार होते हैं इनमें हमें अपने देश का उज्जवल भविष्य दिखाई पड़ता है। कार्यक्रम के अंतिम चरण में विद्यालय के नेवल एनसीसी के सभी छात्र, जो रायपुर में मॉक ड्रिल में पुरस्कृत हो चुके हैं, उनका कलेक्टर ने मेडल पहनाकर उत्साहवर्धन किया। इस प्रतियोगिता में भोपाल संभाग के अन्तर्गत बिलासपुर संकुल के कुल 17 जवाहर नवोदय विद्यालयों के 140 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। संकुल स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग के खेल का आयोजन किया गया, जिसमें अंडर-14, अंडर-17 व अंडर-19 वर्ष आयु वर्ग की प्रतियोगिताएं हुईं। इससे पहले प्राचार्या लक्ष्मी सिंह की अध्यक्षता में विभिन्न विद्यालयों से आये हुए सभी मार्गरक्षी अनुरक्षकों के साथ चर्चा कर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सहयोग की अपील की।

> ■ उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए कलेक्टर शर्मा, बढ़ाया

#### इन खिलाड़ियों का हुआ चयन

प्रतियोगिता के आधार पर बलौदाबाज़ार से 1, महासमुंद से 7, जांजगीर चांपा से 2, सतना से 8, बेमेतरा से 5, बलरामपुर से 2, कोरबा से 2, अनुपुर से 2, सीधी से 2, कोरिया से 2, बिलासपुर से 3 खिलाड़ियों का चयन संभाग स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए किया गया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में दुर्गेश पटेल, विक्रम देवांगन, चंद्र प्रकाश जायसवाल तथा सभी 17 विद्यालयों के मार्गरक्षी अनुरक्षक और जवाहर नवोदय विद्यालय बेमेतरा के समस्त स्टाफ़ भव्य उत्सव के साक्षी रहे।

#### पहले दिन हुआ ट्रायल

प्रतियोगिता के पहले दिन सभी प्रतिभागियों का ड्रिबलिंग, पासिंग, सूटिंग, रीबाउंडिंग, लेअप शॉट का बेसिक स्किल ट्रायल किया गया। इस ट्रायल के आधार पर बच्चों की प्रतियोगिता कराई गई। बच्चों के प्रदर्शन के अनुसार ऑफिसियल्स और अनुभवी पीटी शिक्षकों द्वारा मेरिट बनाई गई । बास्केटबॉल प्रतियोगिता के अगले चरण के अंतर्गत 23 जुलाई को सभी टीमों के मध्य प्रतियोगिता के बाद विजेता खिलाड़ियों का ऑफिशियल्स तथा अनुभवी पीटी अध्यापकों द्वारा चयन किया गया। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवोदय एलुमनी डॉक्टर अवधेश पटेल थे। इस अवसर पर प्रतियोगिता में चयनित प्रत्येक तीनों वर्गों के 6 बालक और 6 बालिका वर्ग के विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। डॉक्टर अवधेश पटेल ने अपने स्वयं के पूर्व नवोदय जीवन के अनुभवों को साझा कर ख़ुद को विद्यार्थियों के साथ जुड़ाव प्रदर्शित किया। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में सभी 8 ऑफिशियल्स तथा पूर्व पीटी हीरा लाल साहू को सम्मानपत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही 17 जनपदों के सभी नवोदय खिलाड़ियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

---

# सेवानिवृत्त हुए प्रधानपाठक ठाकुर संकुल की ओर से दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला बुधवारा विकासखण्ड साजा के प्रधान पाठक मोहन राम ठाकुर के सेवानिवृत्त होने पर संकुलस्तरीय बिदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजा मोहगाँव के प्रभारी प्राचार्य संजय कुमार चंतारे थे। विशिष्ट अतिथि प्रधान पाठक रोहित कुमार वर्मा, प्रधान पाठक महेंद्र सिंह राजपूत, प्रधान पाठक गोपी चरण साहू, सतीष कुमार देवांगन, भीषम साहू, डोगेन्द्र कुंजाम, अंजू देवांगन उपस्थित रहे। उसके बाद अर्चना राजपूत प्रभारी प्रधान पाठिका बुधवारा ने सेवानिवृत्त प्रधान पाठक मोहन राम ठाकुर के संबंध में जानकारी दी। सतीश कुमार देवांगन प्रधान पाठक बुधवारा ने छंद बद्ध कविता के माध्यम से उनके कार्य काल पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि रोहित कुमार वर्मा तथा महेंद्र सिंह राजपूत, माखन लाल वर्मा संकुल समन्वयक मोहगांव ने भी संबोधित किया। श्री ठाकुर को संकुल परिवार मोहगांव की ओर से शॉल, श्रीफल और प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनके बेहतर स्वास्थ्य की कामना की गई।

कार्यक्रम में शिक्षिका भारती मानिकपुरी, मुन्नी चौबे, लक्ष्मी साहू, चंद्रकली टंडन, सीमा रानी देवांगन, सोमलता साहू, शिक्षक कमल नारायण मिश्रा, होरी लाल घृतलहरे, राजेश्वर साहू, अनिल सोनकर, अनिल कुंजाम, लिलेश्वर सोनकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कमल नारायण मिश्रा तथा आभार प्रदर्शन माखन लाल वर्मा संकुल समन्वयक मोहगांव ने किया।

---

# टीएलएम के उपयोग से विषय वस्तु सरल व रुचिकर हो जाती है : केंवरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के चार वर्ष पूर्ण होने पर एक सप्ताह शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन सभी शालाओं में किया जा रहा है। इसके तहत कंडरका स्कूल में संस्कृत विषय के व्याकरण से संबंधित सहायक शिक्षण सामग्री शून्य निवेश (कबाड़ से जुगाड़) से बनाया गया, जो बच्चों के लिए अत्यंत उपयोगी रहा। राज्य स्त्रोत व्यक्ति और नवाचारी शिक्षिका केंवरा सेन ने कहा कि टीएलएम का उपयोग करते हुए यदि बच्चों को पढ़ाया जाए, तो बच्चे बहुत जल्दी सीखते हैं और विषय रूचिकर एवं सरल हो जाती है। बच्चे खेल खेल में बहुत सारी चीजों को सीख जाते तथा स्वयं से भी निर्माण करने लग जाते हैं। इससे बच्चों में सीखने की निरंतरता बनी रहती है।

> ■ कंडरका स्कूल में संस्कृत व्याकरण से संबंधित दी गई

उन्होंने कहा कि संस्कृत विषय (व्याकरण) में विभिन्न प्रकार कीसहायक शिक्षण सामग्री बनाई जा सकती है। संस्कृत विषय में व्याकरण ही उनकी नींव होती है। यदि बच्चे व्याकरण को अच्छे से समझ जाते हैं, तो संस्कृत पढ़ने और बोलने में कोई कठिनाई नहीं होती। इसलिए इसे सरल करने के लिए सहायक शिक्षण सामग्री का निर्माण किया गया। जिसमें लकार, कारक रचना, कारक चिन्ह, संधि, समास, गिनती, फल, वाहन, अनाज, दिनों के नाम आदि का निर्माण किया गया है। विद्यालय कंडरका के प्राचार्य राजेंद्र झा ने कहा कि संस्कृत, संस्कृति और संस्कार की जननी है। संस्कृत को हम व्यवहारिक जीवन लाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे शब्दों को व्यावहारिक जीवन के उपयोग में लाते रहें, तो संस्कृत के प्रति रुचि बढ़ेगी।

---

# सीसीआई के नोडल अधिकारी वाधवानी ने प्रतिस्पर्धा कानूनों व नियमों की दी जानकारी

## बाजार में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा और उपभोक्ताओं हितों की रक्षा पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




समय-सीमा की बैठक के बाद भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के छत्तीसगढ़ नोडल अधिकारी डी.आर.वाधवानी ने जिले के अधिकारियों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इस बैठक का उद्देश्य राज्य में प्रतिस्पर्धा कानूनों और नियमों के बारे में जागरूकता फैलाना था।

नोडल अधिकारी वाधवानी ने बैठक में विभिन्न मुद्दों पर प्रकाश डाला। इनमें प्रतिस्पर्धा कानूनों का पालन सुनिश्चित करने, बाजार में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा बनाए रखने और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने की महत्ता पर जोर दिया गया। उन्होंने बताया कि प्रतिस्पर्धा आयोग का मुख्य उद्देश्य विभिन्न उद्योगों में प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना है, ताकि उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं और उत्पाद मिल सकें। बैठक में नोडल अधिकारियों को विभिन्न मामले अध्ययन और उदाहरणों के माध्यम से बताया गया कि कैसे प्रतिस्पर्धा कानूनों के उल्लंघन से बचा जा सकता है और इसके उल्लंघन के परिणामस्वरूप क्या-क्या कानूनी कार्रवाई हो सकती है। साथ ही, सीसीआई ने अधिकारियों को यह भी जानकारी दी कि कैसे वे अपने संबंधित क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धा संबंधी मामलों की निगरानी कर सकते हैं और अनियमितताओं की रिपोर्ट कर सकते हैं। नोडल अधिकारी वाधवानी ने कलेक्टर रणबीर शर्मा को फ़ेयर प्ले पुस्तक भेंट की।

#### अधिकारियों को मिलेगी मदद

कलेक्टर शर्मा ने कहा कि आज दी गई जानकारी से अधिकारियों को अपने काम को बेहतर ढंग से समझने और लागू करने में मदद मिलेगी। बैठक के अंत में, सीसीआई के नोडल अधिकारी ने आग्रह किया कि वे अपने क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें और प्रतिस्पर्धा कानूनों के बारे में अधिक से अधिक जानकारी दें, ताकि राज्य में निष्पक्ष और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का माहौल बना रहे।

---

**सांकरा (क) से ग्राम नारागाँव, बड़भूम से गुरूर जाने वाली सड़क जर्जर**

# सड़क व पुल जर्जर, जान जोखिम में डालकर पुल करते हैं आवागमन ग्रामीण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सांकरा (क) से ग्राम नारागाँव, बड़भूम से होकर गुरूर जाने वाली सड़क वर्षों से जर्जर हालात में है। सैकड़ों पर गड्ढे नजर आने लगे हैं, जो दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं, लेकिन प्रशासन द्वारा सड़क निर्माण पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसके कारण ग्रामीण जान जोखिम में डाल आवागमन करने पर मजबूर हैं। ग्राम सांकरा क से ग्राम नारागाँव, बड़भूम से होकर गुरूर जाने वाली सड़क बहुत जायदा खराब हो चुकी है, जो वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए प्रमुख मार्ग है। सड़क और पुल दोनों जर्जर होने के कारण राहगीरों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

ग्राम सांकरा (क) से नारागाँव के मध्य दो नाले हैं, जो वर्षो से जर्जर हालात में हैं। ये बरसात के दिनों में उफान पर रहते हैं, इसके बावजूद ग्रामीण राहगीर और स्कूली बच्चे नाला को एक हाथ में सायकल पकड़े सायकल और बैग संभाले नाले को पार कर स्कूल जाते हैं। ऐसा करना कभी भी बड़ी दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है, लेकिन प्रशासन द्वारा पुल बनाने की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

ग्राम नारागाँव निवासी उपसरपंच हेमलाल साहू ने बताया कि जिला मुख्यालय व ब्लॉक जाने वाली मुख्य सड़क पर स्थित दोनों नाले का उफान पर हैं, जहाँ से लोगों का गुजरना मुश्किल है। पुल जर्जर हो चुका है, जो कभी भी हादसे का कारण बन सकता है। उसके बाद भी बरही और कन्नेवाड़ा स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे नाले को पार कर जाते हैं, लेकिन प्रशासन द्वारा लोगों की सुरक्षा और पुल बनाने पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

---

# सरस्वती शिशु मंदिर डौंडीलोहारा में मनाई गई गुरू पूर्णिमा पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा में गुरु पूर्णिमा उत्सव धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सियाराम शार्वा पूर्व प्रादेशिक सचिव सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति छत्तीसगढ़ बिलासपुर थे, अध्यक्षता येणु कुमार दिल्लीवार व्यवस्थापक सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा ने की। विशेष अतिथि विनोद साहू जिला कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक जिला बालोद, मुख्य वक्ता तुलसीदास विभाग प्रचारक राजनांदगांव विभाग, विशेष अतिथि राघवेंद्र नाथ मिश्रा व राजेश उपाध्याय रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि गुरु के बिना हमारा जीवन अंधकारमय है। गुरु ही हमको अंधकार से ज्ञान की नई रोशनी की ओर ले जाते हैं। कार्यक्रम के विशेष वक्ता ने कहा कि गुरु मोमबत्ती की तरह है जो स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश देते हैं। नव ज्ञानोदय शिक्षण समिति डौंडीलोहारा द्वारा विद्यालय के समस्त आचार्य एवं दीदियों का श्रीफल एवं गणवेश भेंट करके सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के आचार्य सेवंत कुमार देवांगन ने तथा आभार प्रदर्शन प्राचार्य डोमार सिंह साहू ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त आचार्य एवं दीदीयों का विशेष सहयोग रहा।

---

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवरा में धूमधाम से मनाया गया गुरू पूर्णिमा पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवरा में धूमधाम से गुरू पूर्णिका पर्व मनाया गया। जेवरा विद्यालय में अपने शिक्षकीय जीवन को पूर्णता प्रदान करने वाले सेवानिवृत्त गुरूजनों को आमंत्रित किया गया। मंच संचालन व्याख्याता नीता साहू ने किया।

मुख्य अतिथि उदय भास्कर सिंह, विशिष्ट अतिथि राम मुरारी सिंह, अर्जुन सिंह राजपूत, तथा पूर्व प्राचार्य मेहतरू राम ध्रुव का मंच पर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसएमडीसी अध्यक्ष महेंद्र पाटिल जेवरा ने की। संकुल प्राचार्य सोमेश्वर देवांगन की अगुवाई में प्रधान पाठक विनोद चौहान पूर्व माध्यमिक विद्यालय, प्रधान पाठक राजेश्वरी साहू प्राथमिक शाला जेवरा द्वारा शाल श्रीफल भेंटकर अतिथियों को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि उदय भास्कर सिंह ने बच्चों को भारतीय संस्कृति के संरक्षण व माता पिता व गुरू के प्रति आदर भाव की सीख देते हुए जीवन आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि राम मुरारी सिंह व अर्जुन सिंह राजपूत ने समाज की आवश्यकता अनुसार विद्यार्थियों को रचनात्मक कार्य सहित स्व उन्नति करने का रास्ता बताया। संकुल समन्वयक उद्धव साहू ने कहा जिसको भी गुरु का आशीर्वाद मिल जाता है, उसका जीवन ही धन्य हो जाता है। कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं तनु, सुमन, रामेश्वरी, वंदना, जासमिन कावेरी ने गुरू महिमा पर गीत और कविता की प्रस्तुति दी। आभार प्रदर्शन संकुल प्राचार्य देवांगन ने किया। इस अवसर पर परिसर के शिक्षकगण तथा प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवरा के विद्यार्थी उपस्थित थे।

